(c) whether the sufferance of the affected families whose husbands had died in harness has been increasing; and

(d) if so, the details of such applications and the action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir. There are only 4 applications from Calcutta as on date for employment under the Die- in Harness Scheme.

(B) Such cases are decided by the Company (VSNL) itself and no advice by the Government is given.

(c) No such representations have been received from the affected families.

(d) Does not arise in view of reply *to* (c) above.

जशपुर के पुराने डाकघर के भवन की सुरक्षा

5414. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले के जशपुर नगर में पुराने डाकघर भवन की निरन्तर गिरती स्थिति एवं उसके ध्वस्त होने की आशंका को देखते हुए उसकी सुरक्षा के लिए क्या कार्यवाही की जा रही हैं ;

(ख) उसकी सुरक्षा करते हुए उसका उपयोग करने के लिए विभाग का ध्यान कब-कब आकृष्ट किया गया है और उन पर किस अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ; और

(ग) विभाग उक्त भवन को किस रूप में उपयोग में लाने का विचार रखता है और इस मामले में की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले में जशपुर सिटी डाकघर भवन के एक हिस्से को छोड़कर जो मरम्मत के बाद, उपयोग में लाने योग्य है, शेष भवन को उसकी बिगड़ती हुई स्थिति को ध्यान में रखते हुए गिराया जा रहा है ।

(ख) माननीय संसद सदस्य ने दिनांक 22-1-93 को अपने पत्र द्वारा इस भवन का उचित इस्तेमाल करने के बारे में विभाग का ध्यान आकर्षित किया था । तदुपरान्त तकनीकी सलाह पर ऊपर (क) में उल्लिखित निर्णय लिया गया ।

(ग) इस भवन के जिस हिस्से की मरम्मत की जाने वाली है, उसका उप-मंडल निरीक्षक डाकघर का कार्यालय खोलने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा । मरम्मत कार्य धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर होगा ।

मध्य प्रदेश में उपग्रह केन्द्रों की स्थापना

5415. **श्री मूलचन्द मीणा :**
श्री अजीत जोगी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितने उपग्रह केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) उन पर जिला-वार कितनी धनराशि व्यय की जायेगी ; और

(ग) क्या इन प्रयोजन हेतु कोई समयबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान इस सम्बन्ध में किये गये कार्य का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) (क) मध्य प्रदेश के 24 स्थानों पर उपग्रह भू-केन्द्र (मल्टी चैनल पर कैरियर-वेरी स्माल अपस्चर टर्मिनल टाइप) प्रदान करने का प्रस्ताव है ।

(ख) इस पर खर्च होने वाली अनुमानित राशि का जिलावार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । **(नीचे देखिए)**

(ग) जी हां । इन केन्द्रों को मार्च, 1997 से उत्तरोत्तर रूप से चालू करने की योजना है ।

अधिकांश स्थानों का स्थलीय सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है । भिलाई में नोडल उपग्रह भू-केन्द्र (हब) की संस्थापना का कार्य प्रगति पर है ।